

## एक नजर में

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत

इंदौर. ओंकारेश्वर दर्शन के लिए बाइक से निकले इंदौर निवासी एक युवक की रास्ते में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. वह सड़क किनारे बाइक के पास बेसुध हालत में पड़ा मिला था. मृतक की पहचान 45 वर्षीय संजय पिता बुद्धसेन निवासी निपानिया के रूप में हुई है. संजय ओंकारेश्वर जाने के लिए बाइक से निकला था. रास्ते में सनावद के पास वह अचेत अवस्था में सड़क किनारे गिरा मिला. राहगीरों ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और संजय को अस्पताल ले गए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. पुलिस ने मामला संदिग्ध मौत के रूप में दर्ज किया है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो सकेगी.

### मकान बेचने से इनकार, पति ने की मारपीट

इंदौर. गांधी नगर क्षेत्र के अरिहंत नगर में एक महिला के साथ उसके पति ने मारपीट की. महिला का आरोप है कि पति मकान बेचने का दबाव बना रहा था, और मना करने पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी. पीड़िता मंदा राकसे ने थाने में शिकायत दी कि वह अपने तीन बच्चों के साथ अलग रह रही है, जबकि उसका पति रवि उर्फ पंखा राकसे खंडवा में रहता है. सुबह वह अरिहंत नगर स्थित उसके घर आया और मकान बेचने को लेकर विवाद करने लगा. महिला के मना करने पर आरोपी ने मारपीट शुरू कर दी. उसकी बेटी और पड़ोसियों ने बीचबचाव कर किसी तरह उसे बचाया. जाते-जाते आरोपी ने धमकी दी कि यदि मकान नहीं बेचा तो जान से मार देगा. गांधी नगर पुलिस ने आरोपी रवि राकसे के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### विवाहित महिला पर बनाया जबरन शादी का दबाव

इंदौर. गांधी नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 32 वर्षीय विवाहित महिला ने एक युवक पर जबरन शादी का दबाव बनाने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह किसी काम से लौट रही थी, तभी नया बसेरा स्थित सांई मंदिर के पास उसकी मुलाकात अरिहंत नगर निवासी दिलीप मोहनिया से हुई, जिसे वह करीब डेढ़ साल से जानती है. दिलीप ने उससे कहा कि वह उससे शादी करना चाहता है और उसे साथ चलने के लिए कहने लगा. महिला ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि वह विवाहित है. इस पर आरोपी ने गाली-गलौज कर लात-घूंसे से मारपीट की और धमकी दी कि अगर उसने शादी नहीं की तो वह उसे जान से मार देगा. पीड़िता की शिकायत पर गांधी नगर पुलिस ने दिलीप मोहनिया के खिलाफ मारपीट, धमकी और महिला की गरिमा भंग करने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### विद्या के मंदिर को मिली एक नई सोगात



महू. गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत गवली पलासिया के सरपंच रवि पाटीदार ने एक सराहनीय कार्य करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व कन्याशाला माध्यमिक विद्यालय गवली पलासिया के विद्यार्थियों को शुद्ध ठंडा पेयजल मिल सके इसके लिए आरो व वाटर कूलर लगवाया गया. इस अवसर मंडल अध्यक्ष मुकेश पाटीदार, जनपद सदस्य कैलाश आर्य, विस्तारक जितेंद्र पाटीदार, स्कूल प्रिंसिपल वंदना श्रीवास्तव व सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे इसके लिए सभी आभार प्रकट किया.

### महू रेलवे प्रबंधक को मिला रेल सेवा पुरस्कार



महू. महू रेलवे स्टेशन प्रबंधक को रतलाम में आयोजित कार्यक्रम में रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया. मिली जानकारी के अनुसार प्रबंधक सुरेंद्र कुमार शुक्ला महू को वर्ष 2024 के लिए समर्पित अनुकरणीय रेल सेवा के लिए मंडल रेल प्रबंधक रतलाम अश्विनी कुमार द्वारा रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किया गया. पुरस्कार मिलने पर उन्हें जगह-जगह से बधाइयां मिल रही है.

### चैक बाउंस के प्रकरण में आरोपी को दोषमुक्त किया

महू. महू के विद्वान न्यायाधीश हर्ष ठाकुर जे.एम.एफ.सी. महू के न्यायालय में विचाराधिन परिवाद निलेश वर्मा विनीता साल्वे में आरोपी नीता साल्वे पिता दिनकर साल्वे निवासी 98 न्यु उमरिया कॉलोनी ग्राम उमरिया तहसील महू जिला इंदौर को धारा 138 नि.ई. एक्ट के अपराध से दोषमुक्त कर दिया है. परिवादी निलेश वर्मा ने न्यायालय में 4,50,000 रूपये का चैक अनादरण का प्रकरण आरोपी के विरूद्ध पेश किया था परिवादी निलेश वर्मा अपने प्रकरण को सिद्ध करने में असफल रहा. इस कारण न्यायालय ने आरोपी नीता साल्वे को प्रकरण में दोषमुक्त किया है. आरोपी की ओर से पैरवी युवा अधिवक्ता अनिल वर्मा एडवोकेट महू ने की थी.

### महू में श्रीराम कथा महोत्सव का शुभारंभ



महू. लाल जी की बस्ती स्थित भटे सरकार बालाजी मंदिर प्रांगण में 10 से 19 जुलाई तक सार्वजनिक श्री राम कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसे युवाचार्य अभिषेक कृष्ण महाराज वाचन करेंगे. कथा प्रारंभ से पूर्व आज सातरस्ता स्थित काली माता मंदिर से एक कलश यात्रा निकाली गई, जो कथा स्थल तक पहुंचकर संपन्न हुई. कलश यात्रा में नगर की महिलाओं ने पारंपरिक परिधान और सिर पर कलश सजाकर भक्तिभाव से भाग लिया. महिलाएं चुनरी पहनकर जय श्रीराम के उद्घोष करते हुए चल रही थीं, जिससे वातावरण राममय हो गया. कलश यात्रा के साथ ही श्री राम कथा का विधिवत शुभारंभ हुआ. यह कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जा रही है.

### नशे में पति ने की पत्नी से मारपीट

इंदौर. चंदन नगर थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पति पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है. महिला का कहना है कि उसका पति शराब के नशे में आए दिन विवाद करता है और बीती शाम उसने जमकर मारपीट की. फरियादी रेखा गुर्जर, निवासी सांई मंदिर, जवाहर टेकरी, ने शिकायत दी कि शाम करीब 7.30 बजे उसका पति दशरथ गुर्जर शराब पीकर घर आया और गाली-गलौज करने लगा. जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने लात-घूंसे से उसकी पिटाई कर दी. घटना के दौरान उनका बेटा और पड़ोसी बीच-बचाव में आए, तब जाकर महिला की जान बची. पीड़िता का आरोप है कि जाते-जाते दशरथ ने धमकाया कि यदि उसने थाने में रिपोर्ट की तो वह उसे जान से खत्म कर देगा. चंदन नगर पुलिस ने आरोपी दशरथ गुर्जर के खिलाफ मारपीट और धमकी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# मंत्री के क्षेत्र सांवेर में वार्ड पार्षद चुनाव में भाजपा की जमानत जब्त

- कांग्रेस प्रत्याशी हसीना मंजर मस्तान की 796 वोटों से एकतरफा जीत
- भाजपा प्रत्याशी मांगीलाल बिसावत को मात्र 117 ही वोट मिले

**सांवेर,** 10 जुलाई. प्रदेश के केबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट के निर्वाचन क्षेत्र के सांवेर नगर परिषद के वार्ड नंबर 7 के पार्षद पद के लिए हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मांगीलाल बिसावत की करारी हार ही नहीं हुई बल्कि जमानत जब्त हो गई. कांग्रेस प्रत्याशी हसीना बी मंजर ने बिसावत को 796 वोटों से करारी शिकस्त दी. हालाँकि ये परिणाम अप्रत्याशित नहीं था बल्कि भाजपा नेता भी इस वार्ड में अपनी पराजय तय मानकर चल रहे थे.



निर्वाचन अधिकारी एसडीएम घनश्याम धनगर और सहायक निर्वाचन अधिकारी तेहसीलदार पूनम तोमर ने गुरुवार की सुबह स्थानीय पीएमश्री कन्या हायरसेकण्ड्री स्कूल में मतगणना की प्रक्रिया राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और तयशुदा समयानुसार शुरू करवाई. चूंकि मतदान इवीएम में हुआ था इसलिए चंद मिनिटों में मतगणना की संपूर्ण कारवाई संपन्न हो गई. चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार हसीना मंजर मस्तान और भाजपा प्रत्याशी मांगीलाल बीसावत के बीच सीधा मुकाबला था. कांग्रेस प्रत्याशी हसीना बी को पहली इवीएम में 479 और भाजपा प्रत्याशी मांगीलाल को 90 वोट मिले जबकि दूसरी इवीएम हसीना बी को 434 और मांगीलाल को मात्र 27 वोट ही मिल सके. नोटा में भी 14 वोट पड़े. सोमवार को हुए मतदान में दोनों मतदान केन्द्रों में कुल पड़े 1044 मतों की गणना होना थी. मतगणना के अंतिम परिणाम में कांग्रेस प्रत्याशी को 913 मत और भाजपा प्रत्याशी 117 मत मिलने पर निर्वाचन अधिकारी धनगर ने हसीना बी को निर्वाचित घोषित करते हुए पार्षद सूर्यकुमार ओस्तवाल, श्याम सोनी और पूर्व पार्षद इशाक पठान की मौजूदगी में निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपा. एसडीएम ने दोनों दलों के नेताओं को शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न करवाने में सहयोग देने के लिए धन्यवाद दिया.

### परिणाम अप्रत्याशित नहीं मगर चौंकाने वाला

अल्पसंख्यक बाहुल्य वाले इस वार्ड में कांग्रेस की ओर से इसी वार्ड से पार्षद रहे मरहूम मंजर मस्तान की पत्नी हसीना को उम्मीदवार बनाया था जबकि भाजपा ने इसी वार्ड मांगीलाल बीसावत को प्रत्याशी बनाया. वार्ड की पुरानी तासीर और दिवंगत पार्षद की पत्नी की कांग्रेस की ओर से उम्मीदवारी होने हसीना बी के प्रति मतदाताओं में सहानुभूति के मद्देनजर उनकी सुनिश्चित जीत न केवल कांग्रेसी बल्कि भाजपा नेता भी मानकर चल रहे थे. जो नतीजा आया वह अप्रत्याशित नहीं है मगर भाजपा की जमानत जब्त होने से चौंकाने वाला जरुर है क्योंकि भाजपा प्रत्याशी की जमानत जब्त होने की भाजपा नेताओं ने भी नहीं सोंची थी.

**गौतमपुरा में जीती भाजपा-** इसी तरह गौतमपुरा में पार्षद पद के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी शंकर ठेकेदार 250 मतों से विजयी हुए है. उल्लेनीय है कि प्रदेश के नगर परिषदों के उपचुनाव भाजपा ने 6 और कांग्रेस ने 3 सीटों जीत हासिल की है.

# बीमारी से जूझ रहे हेड कांस्टेबल ने ट्रेन के सामने कूदकर की आत्महत्या

- दोपहर में घर से निकले थे, बोले थे- थोड़ी देर में लौटूंगा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** लंबे समय से गंभीर बीमारी से पीड़ित एक हेड कांस्टेबल ने गुरुवार को आत्महत्या कर ली. उनका शव दोपहर एक बजे के करीब लसूड़िया क्षेत्र में रेलवे ट्रैक पर मिला. मृतक की पहचान हेड कांस्टेबल जितेंद्र चौहान के रूप में हुई है, जो पिछले दो वर्षों से कैंसर और मधुमेह जैसी बीमारियों से परेशान चल रहे थे.

मृतक ने घर से यह कहकर निकला था कि वह थोड़ी देर में लौट आएंगे, लेकिन कुछ समय बाद रेलवे ट्रैक पर किसी व्यक्ति के कटने की सूचना मिली. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान जितेंद्र चौहान के रूप में की. मामले में लसूड़िया थाना प्रभारी तारेश सोनी ने बताया कि जितेंद्र चौहान बीते दो सालों से कैंसर और डायबिटीज से जूझ रहे थे. उनकी तबीयत लगातार बिगड़ रही थी, जिससे वे मानसिक तनाव में आ गए थे. प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की वजह बीमारी से उपजा तनाव माना जा रहा है. जितेंद्र चौहान अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गए हैं.



### पुलिस विभाग में कई जगह दी थी सेवा

जितेंद्र पहले सेंट्रल कोतवाली में पदस्थ थे और जावरा कंपाउंड क्षेत्र में रहते थे. बाद में वे स्कीम नंबर 114 में शिफ्ट हो गए. उनका तबादला जोन-2 और डीसीपी एसआईटी टीम में भी हुआ था. आखिरी बार उनका स्थानांतरण कनाड़िया थाने में हुआ, लेकिन वहां वे सिर्फ दस दिन ही काम कर पाए. स्वास्थ्य खराब रहने के कारण उन्होंने पुलिस लाइन में तबादला करवा लिया था और इसके बाद छुट्टी पर चले गए थे.

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है और प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# मानसिक तनाव में महिला ने खाया ज़हर, मौत

- बेटे से जुड़ी परेशानियों को लेकर रहती थी चिंता
- किन्नरों द्वारा दी जा रही धमकियों का आरोप

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. विजयनगर क्षेत्र की अंजनी नगर कॉलोनी में रहने वाली एक 52 वर्षीय महिला ने कथित तौर पर मानसिक तनाव में आकर ज़हर खा लिया. गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल में भर्ती महिला ने बुधवार को इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मामले में पुलिस ने जांच शुरु की.**

मृतका की पहचान पार्वती काछी के रूप में हुई है, जो अपने पति राधेश्याम के साथ आलू-प्याज बेचने का काम करती थीं. परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि पार्वती ने दो दिन पहले ज़हर खाया था, जिस कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था. लेकिन लगातार बिगड़ती हालत के चलते उनकी मौत हो गई. परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया कि पार्वती का बेटा करिश्मा किन्नर समुदाय से जुड़ा है. हाल ही में कुछ किन्नर नंदलालपुरा इलाके से आकर करिश्मा को जबरन अपने साथ ले जाने की कोशिश कर रहे थे. करिश्मा ने इसकी शिकायत थाने में भी की थी, लेकिन परिजन आरोप लगा रहे हैं कि इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया कि इसके बाद से ही कुछ किन्नर बार-बार पार्वती के घर आकर धमकियां दे रहे थे, जिससे वह मानसिक रूप से बेहद परेशान रहने लगी थीं. परिजनों को आशंका है कि इसी तनाव के चलते उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया, थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल ने बताया कि मामले में जांच की जा रही हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट व परजिनों के बयानों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया हैं. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है.



### पुलिस जांच में जुटी

विजयनगर पुलिस ने फिलहाल धमकियों की पुष्टि नहीं की है, लेकिन पूरे मामले की जांच की जा रही है. पुलिस का कहना है कि पार्वती की आत्महत्या के पीछे की असली वजह जानने के लिए परिवार से बातचीत की जा रही है और सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है.

# आदतन अपराधियों को थाने बुलाकर करवाई परेड

- परिजनों के सामने दिलवाई अपराध से तौबा करने की शपथ

इंदौर. जोन 3 में पुलिस ने क्षेत्र के गुंडों बदमाशों के खिलाफ नवाचार करते हुए अनोखा प्रयोग किया. त्योहारों से पहले पुलिस की इस अनोखी पहल के तहत आदतन अपराधियों को थाने बुलाकर न सिर्फ उनकी परेड कराई, बल्कि उनके परिजनों की मौजूदगी में उन्हें अपराध से दूर रहने की शपथ भी दिलाई.

अपराध पर नियंत्रण और शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस ने एक नई मुहिम की शुरुआत की है. जिसके तहत बाणगंगा थाने पहुंचे डीसीपी जोन 3 और एडीसीपी के निर्देशन में एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें क्षेत्र के गुंडों, निगरानी बदमाशों और उनके परिजनों को थाने बुलाया. अभियान के दौरान गुंडों का रिकॉर्ड अपडेट किया, उनके जीवनयापन के साधनों और नेटवर्क की जानकारी ली. इसके साथ ही यह भी पता किया गया कि वे जहां रहते हैं, वहां किसी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में उनकी संलिप्तता तो नहीं है. इस मुहिम की सबसे खास बात यह रही कि अपराधियों के परिवारों को भी शामिल किया, जिन्हें पुलिस ने स्पष्ट रूप से समझाया कि अब समय आ गया है कि वे अपने परिजनों को अपराध की दुनिया से बाहर निकालें और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ें. इस दौरान पुलिस ने 35 गुंडों के साथ ही 19 निगरानीशुदा और अन्य 34 बदमाशों के परिजन शामिल हुए. इन सभी को पुलिस अधिकारियों ने चेताया कि यदि अब भी आपराधिक प्रवृत्तियां नहीं छोड़ी गई, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी. मौके पर सभी को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई.




### त्योहारों को देखते हुए कार्रवाई

परिजनों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वे अपने परिजनों को सुधारने और पुलिस को सहयोग देने के लिए तैयार हैं. अधिकारियों ने बताया कि आगामी त्योहारों को देखते हुए सभी बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो.

# युवतियों से मिलने पहुंचे युवक, मोहल्ले वालों से किया विवाद

## युवतियों ने थाने में पुलिस से की हुज्जत

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** पारसी मोहल्ले में बुधवार रात शराब के नशे में दो युवक युवतियों से मिलने पहुंचे, लेकिन बात बिगड़ गई. आसपास के लोगों ने जब विरोध किया तो युवकों ने हंगामा खड़ा कर दिया और पुलिस के पहुंचने पर युवतियां भी थाने तक पहुंच गईं और पुलिस से भिड़ गईं. अंततः दोनों युवकों के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है.

संयोगितागंज थाना क्षेत्र के पारसी मोहल्ले में बुधवार देर रात उस समय तनाव फैल गया, जब नशे में धुत दो युवक युवतियों से मिलने पहुंचे. क्षेत्र में शोरशराबा और तेज आवाजों से नाराज़ आसपास के लोगों ने इसका विरोध किया, लेकिन युवक बहस पर उतर आए और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने लगे. सूचना पर हेड कॉन्स्टेबल सचिन शर्मा मौके पर पहुंचे और दोनों युवकों को समझाइश देकर बाइक पर बैठाकर थाने ला रहे थे, तभी युवतियां भी वहां पहुंच गईं. थाने में पहुंचते ही युवतियों ने युवकों को अपना जानकार बताते हुए उन्हें छोड़ने की मांग की और



ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों से जमकर बहस की. बात इतनी बढ़ी कि महिला पुलिस स्टाफ को बुलाना पड़ा, जिन्होंने युवतियों को समझाइश देकर शांत किया. मामले में थाना प्रभारी सतीश पटेल का कहना है कि पकड़े गए युवकों की पहचान छिंदवाड़ा और राजगढ़ में रहने वाले कृष्णा और कुलदीप के रूप में हुई है, जो फिलहाल इंदौर के हीरानगर इलाके में किराए से रहकर पढ़ाई कर रहे हैं. पुलिस ने आसपास के लोगों की शिकायत और मौके की स्थिति को देखते हुए दोनों युवकों के खिलाफ शांति भंग, हंगामा करने और अभद्रता की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है.

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत

## *बाइक से गिरी महिला ने अस्पताल में तोड़ा दम*

इंदौर. शहर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई. एरोड्रम थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन ने एक युवक को कुचल दिया, जबकि क्षिप्रा क्षेत्र में बाइक से गिरकर घायल हुई महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. दोनों ही मामलों में पुलिस ने शव को पोस्टमार्ट के लिए भेज जांच शुरु की.

टीसीएस कंपनी, सुपर कॉरिडोर के सामने एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने 40 वर्षीय शैलेन्द्र को टक्कर मार दी. गंभीर चोट लगने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई. हादसे के बाद वाहन चालक फरार हो गया. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से उसकी तलाश की जा रही है. वहीं ग्राम पीर कराड़िया में 21 जून को बाइक से गिरकर घायल हुई 58 वर्षीय संगीता बाई पति शिवनारायण पटेल निवासी डकाच्या की इलाज के दौरान मौत हो गई. बाइक चालक सचिन पटेल, ग्राम डकाच्या निवासी, ने चलते वाहन को अचानक ब्रेक कर दिया जिससे पीछे बैठी संगीता बाई संतुलन खो बैठीं और सिर के बल सड़क पर गिर गईं. उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया. पुलिस ने सचिन पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरु की.

**महिला ने पिया एसिड-इंदौर.** घटना महावर नगर, अन्नपूर्णा क्षेत्र की है, जहां 65 वर्षीय शांति बाई, पति राम नारायण ने एसिड पीकर आत्महत्या कर ली. परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरु कर दी है और परिजनों के बयान लिए जा रहे है.

**अनदेखी** — निर्देशों के बावजूद प्रशासन बना हुआ है उदासीन

# पेट्रोल पंपों पर नहीं रूक रही चोरी और मिलवाट!




**इंदौर. भ्रष्टाचार में शासन में कई भ्रष्ट लोग भी शामिल है यह जग ज़ाहिर है. मुख्यमंत्री के वाहन में मिलावटी डीजल डालने वाली घटना पर कड़ी करवाई कर पेट्रोल डीजल पंप सील किया गया था. संचालक पर एफआईआर की गई लेकिन प्रदेशभर के हज़ार पंपों पर आज तक नकेल नहीं कसी गई.**

रतलाम की घटना के बाद भी शासन-प्रशासन ने सख्त रूख नहीं अपनाया. जांच के आदेश भी ठंडे हो गए. फलस्वरूप यह हुआ कि प्रदेशभर के पंप संचालाकों में डर नहीं रहा और वहां धड़ल्ले से ईंधन की चोरी करते रहे. हाल ही में इंदौर के टॉवर चौराहे पर स्थित पेट्रोल पंप एक व्यक्ति ने अपने दो पहिया वाहन में सौ रूपए का पेट्रोल डलवाया. मौके पर ही पेट्रोल निकाला गया तो वहां आधा लीटर ही मिला, जिसका वीडियो प्रदेश भर में वायरल हो गया. इस तरह की यहां पहली घटना नहीं है. पेट्रोल की चोरी पिछले कई वर्षो से होती आ रही है. पंप मशीन कैसे सेट होती है और अधिकारी द्वारा जांच पर क्लीन चिट कैसे मिल जाती है? ऐसे में नीचे से लेकर ऊपर तक इसमें लिप्त सभी अधिकारी भ्रष्टाचार के कटघरे में दिखाई देते है. खाद्य आपूर्ति विभाग के कनिष्ठ अधिकारी या अपर अधिकारी को पंप के जांच के अधिकार प्राप्त थे लेकिन प्रदेश स्तर पर 31 जुलाई 2020 में उपरोक्त आदेश निरस्त करते हुए जांच के अधिकार जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रण गजेटेड अधिकारी को दिए गए. प्रदेश में 6100 पेट्रोल पंप हैं. प्रदेश में 25 जिला खाद्य गजेटेड अधिकारी हैं. ऐसे में एक पर 244 पंप का भार है. इस तरह कैसे जांच की प्रक्रिया पूरी हो पाएगी. शासन उपभोक्ताओं को ठगने कैसे बचाएगा यहां समय ही बताएगा.

एक निजी उपभोक्ता संस्था ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर नीति बनाने और सखूत कारईवाई करने का आग्रह किया है.

### इनका कहना है...



जहां जांच के आदेश दिए गए वहीं भ्रष्टाचार दिखाई दे रहा है. ईंधन की चोरी की खबरें भी प्रकाशित होती हैं. कई लोग लिखित में भी देते है लेकिन कार्रवाई क्यों नहीं होती यह बड़ा सवाल है.

**- जुनैद आलम**



एक तरफ सरकार भ्रष्टाचार ख़त्म करने की बात करती है. वहीं दूसरी ओर कड़ी कार्रवाई करने में पीछे रहती है. प्रजा सिर्फ वोट डालने के लिए नहीं होती. सरकार इस पर ध्यान दे.

**- शैलेष शर्मा**



हमारी संस्था द्वारा 4 जुलाई को जिला कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि उपभोक्तओं को ध्यान में रखकर कड़े कदम उठाते हुए ईंधन पंप पर अनियमितताओं को दूर किया जाए.

**- पप्पू नरवरिया, सदस्य जागरूक उपभोक्ता समिति**